# नये डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने पदभार संभाला कहा, पंचायत होंगे विकास कार्यों के केंद्र बिंदु

कई मायनों में यादगार रही मेरी जमशेदपुर की पोस्टिंग : विजया जाधव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला के 23 वें जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त के रूप में 2011 बैच के आइएएस अधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने निवर्तमान उपायुक्त विजया जाधव से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नवपदस्थापित उपायुक्त ने कहा कि जिले में विधि व्यवस्था का बेहतर संधारण एवं विकास कार्यो का सफल क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समयबद्ध रूप मे धरातल पर उतारने का प्रयास रहेगा ताकि सभी सुयोग्य व्यक्ति तथा समाज के अंतिम छोर तक विकास योजनाओं को पहुंचाया जा सके। उन्होने कहा कि पंचायत को सशक्त बनाने तथा प्रखंड एवं अंचल कार्यालय की सक्रियता बढ़ाने तथा अनुशासित रखने पर विशेष बल रहेगा ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को योजनाओं का लाभ सुगमता से पहुंचाया जा सके, किसी कार्य के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। उन्होने कहा कि विकास कार्यों के केंद्र बिन्दू में पंचायत रहेंगे। इस अवसर पर निवर्तमान उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि उपायुक्त के रूप में पूर्वी सिंहभूम जिला में पहला पदस्थापन था, कई अच्छी यादें इस जिले की हमेशा साथ में रहेंगी। विकास कार्यों का क्रियान्वयन उनकी पहली प्राथमिकता रही, जिले ने कई इंडिकेडर में बेहतर किया है, कुछ पाइपलाइन में हैं जिसका अपेक्षित परिणाम आने वाले दिनों में जरूर परिलक्षित होंगे।



नये डीसी मंजूनाथ का स्वागत करतीं निवर्तमान डीसी विजया जाधव।

## डीसी भजंत्री ने उच्चाधिकारियों के साथ की बैठक, अनुशासन पर दिया बल



जमशेदपुर। पदभार ग्रहण के पश्चात नव पदस्थापित उपायुक्त ने समाहरणालय सभागार में एसएसपी प्रभात कुमार, डीडीसी मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, एडीसी जयदीप तिग्गा समेत अन्य वरीय एवं विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विधि व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होने कहा कि 29 जुलाई को मनाये जाने वाले मुहर्रम के त्यौहार को लेकर सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति एवं जिला स्तरीय केन्द्रीय शांति समिति की बैठक हो चुकी है। उन्होने स्पष्ट कहा कि जिले में शांतिपूर्ण तरीके एवं आपसी सौहार्द्र के वातावरण में त्यौहार मनाये जाएं, राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अनुशासित तरीके से ससमय ड्यूटी स्थल पर अपने वरीय को रिपोर्ट करेंगे, बिना पूर्वानुमति के ड्यूटी से गायब नहीं रहेंगे और ना ही जिला मुख्यालय छोड़ेंगे। उन्होने पदाधिकारियों के बीच परस्पर संवाद पर बल देते हुए कहा कि किसी भी तरह से संवादहीनता की स्थिति नहीं होनी चाहिए। साथ ही सोशल मीडिया की निगरानी का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार से भ्रामक खबरों का प्रसार नहीं होने पाए जिससे विधि व्यवस्था के संधारण में कोई बाधा उत्पन्न हो। मौके पर सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, एलआरडीसी रविन्द्र गागराई, डीटीओ दिनेश रंजन, एसडीएम घाटशिला सत्यवीर रजक, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी, रजनीकांत मिश्रा, मिथिलेश कालिंदी, रोहित कुमार तथा तकनीकी विभागों के पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

# पांच बच्चियों का एबीएम कॉलेज में मंगल कालिंदी ने कराया दाखिला

## अब तक 27 बच्चियों का विधायक करवा चुके हैं कॉलेज में दाखिला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी एक मुहिम चला रहे हैं जिसे वह आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बच्चियों का दाखिला कॉलेज में करवा रहे हैं ताकि बच्चियों पढ़ लिख कर अपने पैरों पर खड़ा हो सके। इसी क्रम में आज विधायक मंगल कालिंदी ने पांच बच्चियों का दाखिला अपने निजी खर्च से एबीएम कलेज में करवाया।

इसमें घोड़ाबांधा की तीन बच्चियां रितु कुमारी, काजल महतो, संगीता महतो और मनपीता क्षेत्र की दो बच्चियां रानी सोरेन और लक्ष्मी सोरेन शामिल हैं। दाखिला होने पर बच्चियों और उनके परिजनों ने विधायक का आभार प्रकट किया। इस विषय पर विधायक ने कहा कि आर्थिक रूप से जो बच्चे कमजोर हैं और पढ़ना चाहते हैं वह उनसे संपर्क करें वह उनकी हर संभव सहायता करेंगे। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि मेरी सोच है कि जुगसलाई विधानसभा के सभी बच्चे बच्चियों को शिक्षा प्राप्त हो ताकि भविष्य में वह जुगसलाई विधानसभा और अपने माता-पिता का नाम रोशन कर सकें। पिछले वर्ष भी मैंने करीम सिटी में 5 बच्चों का दाखिला करवाया था। इसी कड़ी में इन बच्चियों को मिला कर अब तक 27 बच्चे - बच्चियों का दाखिला करवा चुका हूं और आगे भी यह मुहिम जारी रहेगी।

मौके पर एबीएम कलेज के प्रिंसिपल डॉ वीके पीयूष, पप्पू यादव, जयराम महतो, रजत प्रसाद, बादल आदि उपस्थित थे।




नामांकन कराने के बाद छात्राओं के साथ विधायक व प्राचार्य डॉ विजय पियूष।

यूनाइटेड फोरम फॉर पीस एंड जस्टिस ने 7 सूत्री मांग पत्र भेजा

# मणिपुर हिंसा रोकने को राष्ट्रपति से गुहार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मणिपुर में पिछले 80 दिनों से जारी नस्लीय हिंसा पर स्थाई रोक लगाने की मांग पर शहर की संस्था, 'यूनाइटेड फोरम फोर पीस एंड जस्टिस, के बैनर तले राष्ट्रपति द्रोपदि मुर्मू से गुहार लगाई गई।

मणिपुर हिंसा की न्यायिक जांच सुप्रीम कोर्ट के सीटिंग जस्टिस से कराने एवं इसमें राज्य मशीनरी की भूमिका की जांच कर उस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने, जलाए गए चर्च, मंदिर एवं घरों को राज्य की ओर से पुनर्निर्माण, मृतकों के आश्रितों को दस -दस लाख रूपए मुआवजा एवं सरकारी नौकरी देने, कूकी-माईती संघर्ष को स्थाई विराम तथा राजनीतिक निदान के लिए राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन कर वहां के लोगों की भावना के अनुसार समाधान करने, दंगाइयों, हत्यारों, दुष्कर्मियों के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा कर स्पीडी ट्रायल चलाने, गवाहों के लिए विटनेस सिक्योरिटी एक्ट के तहत सुरक्षा देने, दुष्कर्म की पीड़ित महिलाओं को सरकारी नौकरी देने जैसी मांग की गई। फोरम की ओर से राष्ट्रपति से निवेदन किया गया कि वे खुद महिला हैं और जनजातीय वर्ग से हैं, सामाजिक उत्पीड़न को झेला है और ऐसे में उन्हें चुप्पी तोड़ने तथा संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग करने की जरूरत है।

वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी कहा गया कि वे हिंसा पर रोक लगाने का हर राजनीतिक संवैधानिक कदम उठाए क्योंकि पूरी दुनिया में भारत की छवि को दाग लग रहा है, और इन जैसे घटनाओं से लोकतंत्र खत्म होते जा रही है।

## किरीबुरु में सारंडा वन प्रमंडल ने धूमधाम से मनाया वन महोत्सव



**जमशेदपुर।** सारंडा वन प्रमंडल के ससंगदा वन प्रक्षेत्र किरीबुरु के तत्वाधान में 74 वां वन महोत्सव किरीबुरु के प्रोस्पेक्टिंग स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि नोवामुंडी प्रखंड प्रमुख पूनम गिलुवा, वन प्रमंडल पदाधिकारी सारंडा आलोक कुमार वर्मा, सीआरपीएफ 26 बटालियन के सहायक कमांडेंट शिबु मलिक, सीआईएसएफ के इन्स्पेक्टर रुपेश लखवार, वन क्षेत्र पदाधिकारी शंकर भगत, मुखिया लिपि मुंडा, सेल अधिकारी संदीप भारद्वाज, रिषभ सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

## भाजपा में ज्वाइनिंग को लेकर अरविंद सिंह की तैयारियां पूरी



**चांडिल।** ईंचागढ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह ने भाजपा में ज्वाइनिंग को लेकर अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। फिलहाल मलमास चल रहा है। उसके बाद तय तिथि पर पूरे जोशो–खरोश के साथ वे एकबार फिर भाजपा में शामिल होंगे। इस बीच पूर्व विधायक पूरे विधान सभा क्षेत्र में संगठन को नई धार देने को लेकर सघन अभियान चला रहे हैं। इसमें उनके भतीजे अंकुर सिंह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसी क्रम में गुरूवार को पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने चांडिल डैम रिसोर्ट में कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। इस बैठक में आगामी कई कार्यक्रमों की रूप–रेखा तैयार की

## सीजीपीसी का मेगा हेल्थ चेकअप कैंप 30 को, कई नामी डॉक्टर देंगे सेवा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (सीजीपीसी) आगामी 30 जुलाई, रविवार को मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने जा रही है। शिविर सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निर्धारित है, और इसमें विभिन्न विशिष्टताओं के विशेषज्ञ डक्टर उपस्थित रहेंगे। सामुदायिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता में सीजीपीसी का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में विभिन्न चिकित्सा विशिष्टताओं के अत्यधिक कुशल और अनुभवी डक्टरों की उपस्थिति होगी, जो सभी उपस्थित लोगों के लिए समग्र मूल्यांकन सुनिश्चित करेगा। शिविर में विशेषज्ञ डक्टरों की एक टीम भाग लेगी, जिसमें शामिल हैं: डॉ निशा चौधरी, बाल विशेषज्ञ, एमबीबीएस, डीसीएच, डीएनबी और पीजीपीएन सहित। एमबीबीएस, एमएस और डीएनबी में गोल्ड मेडलिस्ट डा. स्तुति केडिया, जो शिविर में अपनी असाधारण चिकित्सा विशेषज्ञता लाती हैं। डा.मीनल खिरैया सुगंधी, एमबीबीएस डिग्री के साथ एक मधुमेह विशेषज्ञ पोषण विशेषज्ञ हैं, जो मधुमेह और पोषण संबंधी चिंताओं के प्रबंधन में माहिर हैं। डॉ सौरव बनर्जी, एक प्रसिद्ध बीडीएस और एमएससी स्नातक, पीजीडीई, एमसीई, एफएनआईपी और एफएएफओ जैसी अतिरिक्त योग्यताओं के साथ। वह माइक्रो एंडोडोंटिक्स और इम्प्लांटोलजी में विशेषज्ञ हैं। डॉ रोहित कुमार झा, एमबीबीएस, एमएस ईएनटी, जिनकी कान, नाक और गले की स्थिति में विशेषज्ञता शिविर की चिकित्सा सेवाओं में मूल्य जोड़ती है। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान, उपस्थित लोगों को डॉक्टरों की सम्मानित टीम द्वारा किए गए व्यापक स्वास्थ्य मूल्यांकन से गुजरने का अवसर मिलेगा।



## स्पीड न्यूज

### ठगों से सचेत रहें बालाजी भारत गैस के ग्राहक : विनोद पासवान



**पाटन पलामू।** बालाजी भारत गैस ग्रामीण वितरण केंद्र पड़वा पाटन के प्रोपराइटर विनोद पासवान ने अपने ग्राहकों को ठगों से सचेत रहने को कहा है। उन्होंने ग्राहकों से अपील करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले सुनने में यह आया है कि गांव में कुछ लोग घूम घूम कर अपने आपको बालाजी गैस एजेंसी के आदमी बताते हुए ग्रामीणों के बीच गैस चूल्हा, कुक्कर, मिक्सी समेत अन्य सामान झूठ सच बोल कर बेच रहे हैं। बिनोद ने कहा कि बालाजी भारत गैस एजेंसी को इन सारी बातों से कोई लेना-देना नहीं है ना ही कोइ आदमी गैस बितरण केंद्र द्वारा गांवो में घुम रहे हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं को आग्रह करते हुए कहा कि यदि इस प्रकार के कोई भी धोखा देकर सामान बेचने वाला व्यक्ति आपके पास आता है। तो उसकी सूचना गैस वितरक केंद्र को दें। या संबंधित थाना पुलिस को दें। ताकि गांव के लोग किसी ठगी का शिकार नहीं बन पाए। पासवान ने कहा कि बालाजी गैस एजेंसी के द्वारा कोइ भी सामान नहीं दिया जाता है। यदि कंपनी के द्वारा उपभोक्ताओं के लिए कोई सामान आता है तो उसे उपभोक्ता को गैस वितरण केंद्र पर बुलाकर ही दिया जाता है। आप अपने आप से बचें और एक दूसरे को भी बचाने का काम करे।

### विश्रामपुर नगर परिषद के सात मुस्लिम गांव के लोगों की निमीटांडी में हुई बैठक



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 11 के निमीटांडी गांव में मुस्लिम समुदाय की एक बड़ी बैठक हुई। इस महा बैठक में कोशियार, निमीटांडी, उरसुला, पांडेयपुर, डिहरिया, कविलासी व सोरडीहा गांव के मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता इस्लाम अंसारी व संचालन हाजी रेयाज अंसारी ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी शामिल हुए। बैठक में सभी गांवों के मुहर्रम इंतजामिया कमेटी और ग्रामीणों के द्वारा सर्वसम्मति से विश्रामपुर नगर परिषद मुहर्रम इंतजामिया महाकमेटी का गठन किया गया। जिसका सदर मुंसफिर आलम कादरी को बनाया गया। वहीं महबूब आलम को सेक्रेटरी, अलाउद्दीन अंसारी को नायब सदर, इद्रीश अंसारी को नायब सेक्रेटरी, फिरोज अंसारी को खजांची व निवर्तमान वार्ड पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी को मीडिया प्रभारी चुना गया। जबकि इस्लाम अंसारी, अनीस अंसारी, सिराजूदीन अंसारी, हाजी समसूदीन अंसारी, नासीर अंसारी और उसमान अंसारी को कमेटी का सरपरस्त बनाया गया। बैठक के बाद नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि अमन और भाईचारगी के बीच मुहर्रम का जुलूस 29 जुलाई को निकलेगा। यही नवगठित कमेटी मूल कमेटी है जो विश्रामपुर मुहर्रम जुलूस को मार्गदर्शित करने के अलाव उसका निगरानी भी करेगा। प्रेस वार्ता में महमूद अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, यूनुस अंसारी, एकरामुद्दीन अंसारी, उस्मान अंसारी, शकील अहमद, तैयब अंसारी, मुनीर आलम सहित कमेटी के कई लोग मौजूद थे।

### मिशन इंद्रधनुष की सफलता को प्रखंडस्तरीय टास्क फोर्स की हुई बैठक



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मिशन इंद्रधनुष व एमडीए-डीए कार्यक्रम 2023 के सफल कार्यान्वयन हेतु प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम व संचालन चिकित्सा प्रभारी डॉ लीली एस्टेला पूर्ति ने किया। बैठक में इंद्रधनुष मिशन व एमडीए-डीए कार्यक्रम के वर्तमान स्थिति तथा उसकी प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलाव उक्त मिशन के सफल संचालन पर भी व्यापक रूप से चर्चा हुई। बैठक में विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, जेएसएलपीएस के बीपीएम राजेश्वर कुमार, विनोद तिवारी, बीपीओ मणि पांडेय, एमटीएस पंकज कुमार टास्क फोर्स के कई सदस्य मौजूद थे।

### डीसी ने पंडवा और राजहरा के ग्रामीणों के बीच किया खतियान का वितरण



**पड़वा पलामू।** पड़वा प्रखंड कार्यालय में पलामू उपायुक्त ए दोड्डे ने पंडवा और राजहरा गांव के रैयतों के बीच अंतिम खतियान का वितरण किया। पंडवा गांव के 467 और नावाबाजार प्रखण्ड क्षेत्र के राजहारा के 383 लोगों के बीच खतियान दिया गया। उपायुक्त ने रैयतों के बीच कहा कि जमीन संबंधित कागजात आपकी अमूल्य संपत्ति है, जहां त्रुटि है उसे आप धारा 87 के माध्यम से सुधार करा सकते हैं। आपके पास 90 दिन का समय है। मौके पर उपप्रमुख धर्मवीर सिंह उर्फ मंटु सिंह, पंडवा सीओ चंद्रदेव प्रसाद, नावाबाजार सीओ राकेश श्रीवास्तव, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी मो जमाले राजा, निर्मल सोरेन, भू अर्जन के कर्मचारी त्रिपुरारी प्रसाद, सुरेश चौधरी, संजय कुमार, सत्येन्द्र कुमार, पंडवा सीआई उमेश्वर यादव, राजस्व कर्मचारी, रणविजय ठाकुर, अनिल कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, राजू मिंज, संजीव कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### जनता के लिए रहनुमा थे डीसी : दीपक



**मेदिनीनगर।** आम आदमी का दुख दर्द समझने और जनता दरबार का उद्देश्य को समझाने वाले पलामू में संवेदनशील उपायुक्त रहे अंजानेयुलू दोड्डे। इंडियन रोटी बैंक ने पलामू उपायुक्त ए दोड्डे को पलामू से स्थानांतरण के उपरांत भावभीनी विदाई दी। इंडियन रोटी बैंक के राष्ट्रीय उप-प्रभारी दीपक तिवारी ने डीसी वैश्म में पलामू डीसी से मुलाकात कर उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया, एवं मोमेंटो देकर पलामू को स्वर्णिम यादों में रखने का उम्मीद जताई। सेवादार के साथ मुलाकात पर उपायुक्त दोड्डे ने इंडियन रोटी बैंक की जनसेवा जारी रखने की सलाह दी। मौके पर उपायुक्त दोड्डे ने सेवादार दीपक तिवारी की जनसेवा भावना की प्रशंसा की। वहीं समाज में समर्पण भाव को देखते हुए कहा कि सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन में भविष्य उज्जवल है। इस दौरान सेवादार दीपक तिवारी ने पलामू में जनता दरबार की महत्ता को बढ़ाने के लिए धन्यवाद दिया। संवेदनशील उपायुक्त के ट्रांसफर की खबर फैलने से लोगों में निराशा है।

### बक्शी स्कूल में कला एवं संस्कृति मंत्रालय ने दिया 3 दिवसीय विज्ञान दर्शन



**हुसैनाबाद,पलामू।** गुरुवार को बक्शी उच्च विद्यालय,परिषर में संयुक्त रूप से +2 बालिका उच्च विद्यालय, एवं बक्शी उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं को विज्ञान दर्शन कराया गया,जिसमें तीन चरणों मे कार्यक्रम रखा गया था। प्रथम चरण विज्ञान पर क्विज प्रतियोगिता परीक्षा कराया गया, जिसमें बक्शी उच्च विद्यालय से तीन टॉपर्स को प्रस्सतिपत्र दिया गया। जिसमें क्रमशः प्रथम स्थान चन्दन कुमार,द्वितीय पृथ्वीराज सोलंकी,एवं तृतीय फैजान रजा ने हासिल किया। उसी प्रकार बालिका उच्च विद्यालय से क्रमशःज्योति कुमारी, खुशी कुमारी, सुलेखा कुमारी ने सफलता हासिल किया मौके पर द्वितीय चरण प्रशिक्षक रितेश रौशन ने बच्चों को एक से बढ़ कर एक विज्ञान की करिश्मा प्रक्टिकल रूप में दिखाया। तृतीय चरण में बस में चलंत मोबाईल साइंस का दर्शन कराया वही बच्चों ने खूब लुफ्त उठाया। उन्होंने बताया यह कार्यक्रम भारत सरकार और झारखंड सरकार कला एवं संस्कृति मंत्रालय के निर्देश पर विज्ञान का वास्तविक दर्शन और उसका रहस्य को ग्रामीण स्तर पर पूरे जिले के सभी प्रखण्डों में चलाया जा रहा हैं इसका मूल कारण यह भी हैं आज विज्ञान को इतना आगे बढ़ना है। मौके पर संस्था के सहायक नवीन कुमार, चन्दन कुमार एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष प्रसाद, शिक्षक कंचन कुमारी, सचिन कुमार, श्यामलाल कुमार मण्डल, संतोष राम, अनुज कुमार, किरण कुमारी, शिक्षक सिधेश सत्याकर, सुरेंद्र यादव समेत हजारों छात्र छात्रा थे।

## पलामू की पहली महिला एसपी रश्मि रमेशन ने पदभार संभाला

### कार्यालय के बाहर नयी एसपी रश्मि रमेशन को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में पहली बार किसी महिला पुलिस अधीक्षक के रूप में सरकार ने पदस्थापन किया है। पुलिस बोर्ड का गठन 25 मई 1931 को हुआ था। उस समय एस एम रब पहला पुलिस अधीक्षक के रूप में योगदान दिये थे। वर्ष 1931 से लेकर वर्ष 2023 में पहली बार पलामू जिला को महिला पुलिस अधीक्षक मिला है। इससे जिलेवासियों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। महिला पुलिस अधीक्षक से जनता अमन चैन को लेकर कई उम्मीदें लगाए बैठे हैं। पूर्व एसपी चंदन कुमार सिन्हा व पुलिस उपाधिक्षक रिषभ गर्ग ने बुके देकर एसपी रश्मि रमेशन का भव्य स्वागत किया। इसके बाद एसपी रश्मि रमेशन ने पदभारग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद रमेशन ने कहा कि पलामू जिला में पुलिस की व्यवस्था को मजबूत बनाना पहला कर्तव्य होगा। वही जिले वासियों के बीच पुलिस के प्रति विश्वास को स्थापित कराना, अपराध, उग्रवाद पर लगाम लगाना, संगठित गिरोहों पर लगाम लगाना, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार पर रोक लगाना एवं इसके साथ ही साथ जिले वासियों के बीच अमन-चैन शांति स्थापित कराना पुलिस का मुख्य उद्देश्य होगा। उन्होंने मुहर्रम पर्व को शांति माहौल में संपन्न कराने के लिए जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी पर्व को उल्लास के रूप में मनाएं। रमेश ने पलामू जिला के लोगों को संदेश देते हुए कहा कि किसी भी समस्या को लेकर आप चिंता में ना पड़े। मेरा दरवाजा जनता के लिए हमेशा खुला है। वे आकर अपनी समस्या से अवगत कराएं। उसका निराकरण तत्क्षण कराया जाएगा। पूर्व एसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि पलामू जिला मेरे लिए चुनौतियों से भरा रहा। लेकिन मैं किसी भी कार्य को आनंद पूर्वक किया। संगठित गिरोह पर लगाम लगाया, जेजेएमपी नक्सली संगठन को लगभग समाप्त कराया। जिले में कुछ नक्सली संगठन के लोग पुलिस के नजरों से बचते हुए भागे फिर रहे हैं। सिन्हा ने पलामू जिले वासियों को आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुझे हर क्षेत्र के लोगों ने भरपूर सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर आईपीएस ऋषभ गर्ग समेत कई पदाधिकारी रहे मौजूद थे।

### पांकी विधायक ने डीसी ए दोडे और एसपी को बुके देकर किया सम्मानित

## बेहतर कार्य किये हैं दोनो अधिकारी : डॉ मेहता





खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पाकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने उपायुक्त ए दोडे एवं पुलिस अधीक्षक चन्दन कुमार सिन्हा को पलामू जिला से स्थानांतरण हो जाने के बाद आवास पर जा कर दोनों अधिकारीयो को बुके देकर सम्मानित किया। विधायक ने दोनों अधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ये दोनों अधिकारी जिस जिला में जाए पलामू में जिस प्रकार जनता के एक एक सुख सुविधा का ख्याल रखते हुए जो बेहतर कार्य किया है।उससे कहीं ज्यादा दूसरे जिला में जाकर जनता के बेहतरी के लिए कार्य करें। ताकि जिस प्रकार पलामू की जनता इन दोनों अधिकारियों के कार्यों के प्रति जो विश्वास जताया है। उससे कहीं ज्यादा जब ये दोनों दूसरे जिला में जाए। तो वहां की जनता भी इनके ऊपर भरोसा और विश्वास जगायें। मेहता ने कहा कि मैं जब भी क्षेत्र की जनता की समस्या को लेकर इन दोनों अधिकारियों के पास में गया तो त्वरित कार्रवाई करते हुए जनता को भलाई देने का काम किया। उन्होंने कहा की पाकी विधानसभा क्षेत्र में पुलिस एवं जिला प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा था।

# पानी में डूबने से मृत 6 बच्चों के आश्रितों को मिलेंगे 4-4 लाख, डीसी ने दी स्वीकृति

### गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग से आवंटन प्राप्त होते ही राशि का होगा भुगतान

### एक ही दिन उलडंडा की चार बच्चियों की हुई थी मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चैनपुर एवं सदर मेदिनीनगर अंचल अंतर्गत पानी में डूबने से मृत 6 बच्चों/व्यक्तियों के आश्रितों को 4-4 लाख रुपए दिये जाएंगे। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने गुरुवार को इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

उपायुक्त ने आंचलों से प्राप्त अभिलेखों पर स्वीकृति प्रदान करते हुए गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग से आवंटन प्राप्त होते ही सभी मृतक के आश्रितों को सहायता राशि/अनुग्रह अनुदान की राशि भुगतान करने निदेश दिया। विदित हो कि चैनपुर अंचल अंतर्गत उलडंडा गांव निवासी अवधेश उरांव की पुत्री अर्चना कुमारी एवं अराधना कुमारी, एतवा मुंडा की पुत्री सलमी कुमारी तथा मुकेश खाखा की पुत्री छाया खाखा का निधन एक ही दिन 20 जुलाई 2023 को एक स्कूल के पीछे डोभा (पानी) में डूबने से हो गई थी। वहीं 2 फरवरी 2023 को चैनपुर अंचल अंतर्गत महुगांवा गांव निवासी गुड्डू पासवान के पुत्र आनंद कुमार पासवान का निधन डोभा में डूबने से हो गई थी। इसके अलावा सदर मेदिनीनगर अंचल अंतर्गत बारालोटा निवासी मोनी कुमार के पुत्र अमन राज का निधन 9 जुलाई 2021 को डैम में डूबने से हो गई थी। पलामू के जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी जयराम सिंह यादव ने बताया कि गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जलप्रपात एवं नदी में डूबने से मृत्यु को स्थानीय प्राकृतिक आपदा घोषित किया गया है।

वहीं पानी में डूबने की घटना को राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा घोषित किया गया है।

### विधायक आलोक ने किया चारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास

## मील का पत्थर साबित होगी यह योजना : चौरसिया



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा।** डाल्टेनगंज भंडरिया विधायक आलोक चौरसिया ने गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के हुड़मुड़ गांव में कल्याण विभाग से बनने वाला सरना स्थल के चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा है कि भाजपा आदिवासियों का ख्याल रखती है। हुडमुड गांव में सरना स्थल घेराबंदी का निर्माण हो जाने से यह योजना मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि देश के पीएम नरेंद्र भाई मोदी जी 27 अप्रैल को देश के लाखों किसानों के खाते में 2000 हजार रुपए किसान सम्मान निधि प्रदान की है। आज हर क्षेत्र में भाजपा आदिवासियों तथा दलित और पिछड़े वर्ग का सम्मान कर रही है। उन्होंने कहा कि सरना स्थल, मसना स्थल, धूमकुरिया भवन के अलावे कई विकास योजनाओं से आदिवासियों को हमलोग जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। देश के पीएम 2024 के लोकसभा में फिर से जीत कर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और देश को तीसरा अर्थव्यवस्था बनाएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ प्रदेश प्रभारी वाजपेई जी और महामंत्री कर्मवीर जी तथा विनय जायसवाल समेत भाजपा के तमाम लीडरों के नेतृत्व में झारखंड विधानसभा में भाजपा फिर से जीतेगी और राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी। राज्य से हेमंत सोरेन के कार्यकाल में व्याप्त भय और भ्रष्टाचार को समाप्त करेंगे। मौके पर जिप सदस्य सुधा कुमारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, समाजिक कार्यकर्ता आशिष सिन्हा विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा अजय उरांव, अजय सोनी, नेपाली सिंह,अमलेश चौरसिया, असरेश चौरसिया, रामकरेश चौरसिया, सुरेन्द्र प्रसाद, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष ज्योति सिंह, संदीप कुमार, मनोज सिंह, रविन्द्र सिंह, अरविंद सिंह समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विश्रामपुर पुलिस को मिली कामयाबी हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। पुलिस ने बिश्रामपुर थाना कांड संख्या 43/2023 के एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। यहां बताते चलें कि पिछले 15 जुलाई को मोटरसाइकल से आए तीन अपराधियों ने एक कबाड़ा दुकान के सामने सुतली बम फेंका था। कबाड़ी व्यावसाई प्रभु साव को गाली गलौज करते हुए रंगदारी की मांग की थी। इतना ही नही जाते जाते अपराधियों ने भय उत्पन्न करने हेतु एक फायर भी किया था। इस संबंध में प्रभु साव ने बिश्रामपुर थाना में एक अपराधी आरिफ चूड़ीफरोस पर नामजद और दो अज्ञात अपराधियों पर प्राथमिकी दर्ज कराया था। अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु पलामू एसपी के निर्देशानुसार एसडीपीओ सुरजीत कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया था। थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत अम्बा थाना के बढ़कागांव निवासी राधेश्याम कुमार उर्फ श्याम पासवान को पूछताछ के लिए लाया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने उक्त घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

## विधायक कमलेश सिंह ने किया आरसीसी ड्रेन निर्माण योजना का ऑनलाइन शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने गुरुवार को नगर पंचायत अंतर्गत न्यू सब्जी बाजार के समीप आरसीसी ड्रेन योजना का आनलाइन शिलान्यास किया। नगर विकास एवं आवास विभाग की इस योजना से दया शंकर विश्वकर्मा के घर से प्रभादेवी के घर होते हुए आहर तक आरसीसी ड्रेन का निर्माण होना है। कार्य स्थल पर उपस्थित समाजसेवी विजय कुमार सिंह तथा विश्वदीप कुमार ने पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़ा। उपस्थित लोगों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि वह क्षेत्र के विकास के लिए सतत प्रयासशील हैं। लगातार क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा सड़क सहित सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, अजय कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, उदय सिंह, पिंटू सिंह, जानू चौधरी, बीनू जायसवाल, पप्पू गुप्ता, धनंजय साव, नरेंद्र विश्वकर्मा, संतोष कुमार, शर्मा जी, मुरारी प्रजापति सहित कई लोग उपस्थित थे।

### केवटबार के मजदूर की ट्रेन से गिरकर मौत



**सतबरवा।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड के सरजा पंचायत के केवटबार गांव के हनुमंता टोला निवासी मजदूर प्रमोद उरांव (35) पिता राजेंद्र उरांव की मौत ट्रेन से गिरकर हो गई है। बताया जाता है कि मृतक अपने साथियों के साथ काम की तलाश में केरल जा रहा था। इसी दौरान तिरुपति बालाजी स्टेशन के पहले 21 जुलाई को ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो गई। साथी मजदूरों ने मृतक के परिजनों को 22 जुलाई को सूचना दी। पंचायत के मुखिया अलका कुमारी और पूर्व मुखिया आनंद कुमार ने पलामू जिला श्रम अधीक्षक को प्रवासी मजदूर की मौत होने की सूचना दी। उसके उपरांत श्रम अधीक्षक एतवारी उरांव ने पहल करते हुए मुख्यमंत्री प्रवासी श्रमिक दुर्घटना कोष से तत्काल 50 हजार रुपए खर्च कर शव को बिते बुधवार को गांव में लाया गया। गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सभी का रो-रो कर हाल बेहाल है। इधर पंचायत की मुखिया अलका कुमारी ने बताया कि प्रवासी मजदूर काफी गरीब परिवार से था। उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे तथा पत्नी है। उन्होंने राज्य के सीएम से प्रवासी मजदूर को मुआवजा की राशि देने की मांग की है। इस दौरान कई लोग मौजूद थे। शव का दाह-संस्कार गुरुवार को कर दिया गया।

### पिपरा थाना क्षेत्र से युवक का शव बरामद



**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा थाना क्षेत्र के पिठारी गांव के नजदीक गोलमडाग पहाड़ के नीचे झाड़ी से गुरुवार को 35 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ है। शव की पहचान सीमावर्ती बिहार के टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मखाप गांव निवासी प्रमोद राम के रूप में हुई है। इस संबंध में पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। शव पर कहीं भी चोट का निशान नहीं है। इसके बावजूद पुलिस मृत्यु के कारण की जांच कर रही है। ले में प्राथमिक दर्ज करते हुए शव को अंत्यपरीक्षण हेतु भेजा गया है।

### पेड़ पर लटका हुआ मिला लड़की का शव

**रामगढ़ पलामू।** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत बांसडीह पंचायत के अहिराहि टोला में पूजा कुमारी 17 वर्ष पिता जमुना सिंह का शव मृतक के घर के 500 मीटर की दूरी पर पेड़ से लटका हूआ मिला। रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। प्रभारी ने कहा कि हत्या है या आत्महत्या इसकी जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया गया है।

## मुखिया छोटू सिंह पर लगाया गया मध्य विद्यालय की संयोजिका का आरोप बेबुनियाद : उदय सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** प्रखंड अंतर्गत मेराल में मेराल पंचायत के मुखिया छोटू सिंह पर स्थानीय मध्य विद्यालय की संयोजिका द्वारा लगाया आरोप बेबुनियाद और सरासर गलत है। उक्त बातें पलामू जिला मुखिया संघ के पूर्व अध्यक्ष उदय सिंह ने कही। सिंह मुखिया छोटी सिंह द्वारा आयोजित पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की बैठक में बोल रहे थे। बैठक में मुख्य रूप से पलामू जिला मुखिया संघ के पूर्व अध्यक्ष उदय सिंह, उपाध्यक्ष विवेक सिंह जहांसी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मुकेश सिंह, लोइंगा पंचायत के मुखिया गुडु यादव कसवाखांड पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र सिंह, नौडीहा पंचायत के मुखिया रणजीत सिंह, केलहार पंचायत के मुखिया जैनुल सिद्दीकी, सेमरी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि शिव साव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक में मेराल पंचायत के मुखिया छोटु सिंह पर मेराल मध्य विद्यालय कि संयोजिका द्वारा लगाया गया आरोप को प्रतिशोध कि भावना से लगाये जाने कि बात कही गई। सिंह ने कहा कि मेराल पंचायत के मुखिया छोटु सिंह पर संयोजिका द्वारा लगाया गया आरोप गलत है। यह विरोधी द्वारा जानबूझकर संयोजिका द्वारा ऐसा गलत बयान दिलवाया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने जपला-पथरा मार्ग किया जाम



**हुसैनाबाद,पलामू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जपला पथरा मुख्य सड़क के हटिया बिहारी बीघा के समीप बीते दिन बुधवार एक हाइवा ने बाइक सवार लोगो को रौंद दिया था जिसके बाद एक 18 वर्षीय युवक अतुल राम की मौत घटना स्थल पर हो गयी थी एवं दो युवक रंजन राम व अतीस राम गंभीर स्थिति में घयल हो गए थे इधर इस घटना से आक्रोशित आस पास के ग्रामीणों ने सड़क पर मृतक के शव को रखकर जपला पथरा मुख्य सड़क को जाम कर दिया एवं पुलिस को शव नही उठाने दिया, बीच सड़क पर ही मृतक के परिवार की महिलाएं रोते रोते बोहोश हो जा रहे थे। इधर ग्रामीण इतना आक्रोशित थे कि हाइवा ड्राइवर को भी थाना नही लाने दे रहे थे। सुबह में भी उग्र लोगो ने प्रशासन के उदासीनता के कारण जपला शहर के नहर मोड़ के पास टायर जला कर सड़क जाम कर दिया। लोगों में आक्रोश था उसमें से कुछ लोग यह भी बोल रहे थे कि घटना के बाद 15 घंटा सड़क जाम के बाद भी बीडीओ घटना स्थल पर मृतक के छतिपूर्ती या सहायता के लिए नही आये। इधर थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, एस आई धर्मेंद्र सिंह सोमप्रकाश सिंह, शैलेन्द्र सिंह,पुलिस बल के साथ आदि अधिकारी घटना स्थल पर जमे रहे बहुत मान मनौल करने के बाद थाना प्रभारी के प्रयास से जाम हटाया गया। इसके बाद गुरुवार सुबह मृतक के शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिवार वालो को अंतिम संस्कार करने के लिए सौप दिया गया।

### चुनाव की तैयारी में लगें कार्यकर्ता : राहिल राज



**पाटन पलामू।** राष्ट्रीय जनता दल पाटन प्रखंड इकाई के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पाटन प्रखंड अध्यक्ष रहमतुल्लाह अंसारी ने की। बैठक का संचालन चंदेश्वर पासवान ने किया। मौके पर पलामू जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा के तैयारी हेतु पूरे जिले में राजद के कार्यकर्ता सक्रिय रूप से लग गए है। युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह चतरा प्रभारी राहिल राज उर्फ प्रकाश राम ने कहा कि चुनाव का समय आ गया है। कार्यकर्ता अभी से कमर कस लें। कार्यक्रम में एससी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजू राम, रूबी ऋषि, नगर अध्यक्ष छतरपुर फैयाज खान, मुस्ताक अहमद, अखिलेश पासवान, महेंद्र मेहता, मो असलम जमाली, तालिब अंसारी , ओम प्रकाश साव ,फिरोज अंसारी , कृष्णा ठाकुर, सूरज कुमार, शाहिद रजा, सुषमा देवी, अनीता देवी, कृष्ण विश्वकर्मा, हंसराज यादव, चंदन तिवारी, अरुण मेहता आदि मौजूद थे।

## कर्नल संजय के नेतृत्व में हुसैनाबाद से किसान प्रतिनिधिमंडल दिल्ली पहुंचा, भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह से की शिष्टाचार मुलाकात



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में हुसैनाबाद किसान प्रतिनिधि मंडल दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय महासचिव सह राजसभा सांसद अरुण सिंह से देर रात नई दिल्ली स्थित उनके आवास पहुंचकर शिष्टाचार भेंट किया। जिसमें ब्रिगेड के सह संरक्षक भुनेश्वर सिंह, एनसीपी के राष्ट्रीय सचिव सचितानंद सिंह, आजसू के विधानसभा प्रभारी मनोज शर्मा, भाजपा वरिष्ठ नेता लाल बहादुर सिंह, जमुआ पंचायत के मुखिया ओम प्रकाश राजवंशी, पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर,पूर्व मुखिया राकेश सिंह डबल, युवा ब्रिगेड अध्यक्ष अमित सिंह, पूर्व जिला परिषद धीरेंद्र बैठा, हरिहरगंज ब्रिगेड प्रभारी चंद्रभूषण सिंह छोटू, कुंडपर समिति के अध्यक्ष बुटन यादव, ब्रिगेड के प्रवक्ता रविरंजन सिंह, सत्यनारायण यादव तथा सेवा निवृत सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता मिथलेश कुमार,मनोज सिंह पप्पू, अजय सिंह कुमार साहब, आशुतोष सिंह, सिबु सिंह, सोहराब अली, रणधीर सिंह, विजय शकर चौहान तथा ज्ञान प्रकाश पटेल शामिल थे। उक्त प्रतिनिधि मण्डल ने अरुण सिंह के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को निर्देश जारी कर हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में सभी अर्धनिर्मित सिंचाई योजनाओं को पूर्ण कराने का आग्रह किया है। क्योंकि यह सभी परियोजनाएं और जो निर्मित है और कुछ तकनीकी पेज के कारण शुरू नहीं हो रहा है इसलिए केंद्र सरकार अगर इसमें हस्तक्षेप करती है तो यह योजनाएं पूर्ण हो सकती है। राष्ट्रीय महासचिव को आग्रह करते हुए कर्नल संजय सिंह ने कहा कि जल शक्ति मंत्रालय से एक टीम गठित करके पलामू जिला के सभी प्रस्तावित सिंचाई परियोजनाओं का अवलोकन कराया जाए तथा जहां स्कोप है वहां से सिंचाई की व्यवस्था कराई जाए। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने किसान प्रतिनिधिमंडल को और खासकर कर्नल संजय सिंह को आश्वासन देते हुए कहा कि आप सभी इतना दूर से किसानों के समस्याओं को लेकर हमारे पास आए हैं तो निश्चित तौर पर उक्त समस्याओं को अपने संज्ञान में लेते हुए संबंधित मंत्रालय और पदाधिकारियों से मैं बात करूंगा। उन्होंने इन समस्याओं को उनके संज्ञान में लाने के लिए कर्नल संजय सिंह सहित प्रतिनिधिमंडल में शामिल सभी किसानों को धन्यवाद दिया।

## ज्ञान निकेतन स्कूल में सड़क सुरक्षा सप्ताह का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल में 'सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान' के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सीनियर वर्गों के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों एवम उनके पालन के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का आयोजन वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा किया गया। जिसमें वक्ता के रूप में ट्रस्ट की सचिव शर्मिला सुमी, सदस्य मयूरेश द्विवेदी लक्ष्य श्रेष्ठा, राखी सोनी एवम रेणु शर्मा इत्यादि उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ विधालय के प्राचार्य मनोहर पांडेय के उद्घाटन भाषण से हुआ। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से न केवल विद्यार्थियों की जानकारी बढ़ती है, बल्कि उन्हें नियमों के पालन के लिए प्रेरणा भी मिलती है। इस कार्यक्रम के वक्ताओं ने सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों की चर्चा करते हुए कहा कि इन नियमों के पालन से हम खुद तो सुरक्षित होते ही हैं, इससे सड़क पर अन्य लोग भी सुरक्षित होते हैं। शिक्षक राम प्रवेश पंडित ने स्वरचित कविता के द्वारा सड़क सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम शर्मा ने विद्यालय में इस कार्यक्रम के आयोजकों को धन्यवाद दिया। विद्यालय के प्रशासक रामकृपाल सिंह, मनोज कुमार श्रीवास्तव तथा शिक्षक उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन

**गढ़वा।** प्रखंड कार्यालय गढ़वा के सभागार में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गढ़वा बीडीओ, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी रंजन दुबे, बीटीएम अजय साहू आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि किसान भाई वर्षा की स्थिति को देखते हुए कम अवधि वाली फसल लगाएं। इस वर्ष पूरा विश्व अंतरराष्ट्रीय मिनट वर्ष के रूप में मना रहा है। इसलिए कंपनी में मोटे अनाज की खेती किसान भाई आसानी से कर सकते हैं। उन्होंने अपील कर कहा कि आप सभी लोग भी मड़वा, ज्वार, बाजरा इत्यादि की खेती करें जिससे फसल का उत्पादन अच्छा हो।

## कांवरियों का जत्था बाबाधाम रवाना

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नवयुवक कंवरिया संघ भवनाथपुर बाजार के बैनर तले पंचायत सिंदुरिया, करमाही, बुका मकरी गांव के कांवरियों का जत्था गुरुवार को देवघर बाबा धाम के लिए रवाना हुआ। रवाना करने से पूर्व सभी कांवरियों ने अपने-अपने गांव में स्थित देवी धाम व शिव मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर माथे पर तिलक लगा कर रवाना हुए। बोलबम धाम जाने वालों में नव युवक कांवरिया संघ भवनाथपुर बाजार संरक्षक आशीष कुमार, संजय पासवान, अवधेश ठाकुर, संतोष कुमार सहित काफी संख्या में लोगो का नाम शामिल है।

## गंभीर रूप से मारपीट को लेकर थाना में आवेदन

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबाबाद पंचायत अंतर्गत भूलाडीह निवासी अमृत राय ने गंभीर रूप से मारपीट व जानलेवा हमला को लेकर थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में उसने बताया है की बुधवार की रात्रि लगभग 8 बजे 40 वर्षीय चंदन राय पिता स्व प्रयाग राय एवं उनकी पत्नी 35 वर्षीय गीता देवी गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान मुंह से खून भी बहने लगा, जिसके बाद बीच बचाव में आयी अमृत राय की मां और बेटी को चंदन राय एवं उसकी पत्नी ने कमरे में बंद कर मारपीट कर घायल कर दिया।

## अनिश्चितकालीन धरना समाप्त

**कोडरमा।** मारपीट के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर गत 15 जुलाई से एसपी कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे पीड़ित परिवार का धरना 11वें दिन कांड की आरोपी गुड़िया देवी के द्वारा न्यायालय में आत्मसमर्पण किए जाने के बाद समाप्त हो गया। गौरतलब हो कि आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़िता पूजा देवी, किशन रजक, चंपा देवी, रंजीत रजक व दो वर्षीय बालक के साथ धरने पर थी। धरना शुरू होने के बाद मुख्य आरोपी लक्ष्मण साव ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। जिसके बाद से अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव व जयनगर पुलिस के दबाव में गुड़िया देवी ने बुधवार को न्यायालय में समर्पण कर दिया। पीड़िता पूजा ने बताया कि उसे न्यायालय पर भरोसा है, आरोपियों को सजा जरूरी मिलेगी।

## 30 लीटर महुआ शराब के साथ 4 गिरफ्तार, एक मोटरसाइकिल जब्त

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया पुलिस व उत्पाद विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तिलैया थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से 30 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में विकास कुमार, मुन्ना कुमार, विदेश दास व संतोष नायक शामिल है। गुप्त सूचना पर एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर बुधवार की देर शाम थाना प्रभारी विनोद कुमार व उत्पाद विभाग के संयुक्त टीम ने गश्ती के दौरान गझण्डी रोड से मोटरसाइकिल जेएच12ए/1029 पर सवार दो युवक विकास कुमार व मुन्ना कुमार गिलन में भरा 25 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। वहीं झलपो रोड से एक युवक विदेश दास व गांधी स्कूल रोड के हरली रोड संतोष नायक को गिरफ्तार किया गया।

### जिला परिषद बोर्ड की बैठक में 15वें वित्त आयोग में जिप सदस्य की अनुशंसा सीमा पर लिया गया निर्णय

# 30-30 लाख की योजनाओं का कर सकेंगे अनुशंसा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय परिसर स्थित डीडीसी सभागार में जिला परिषद बोर्ड की बैठक जिप अध्यक्ष रामधन यादव की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में जिला परिषद मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन को लेकर संबंधित विभाग को निर्देश दिया गया। बैठक में 15वें वित्त आयोग के तहत जिप सदस्य आबद्ध एवं अनाबद्ध निधि योजना अंतर्गत 30-30 लाख की योजनाओं की अनुशंसा करने के प्रस्ताव पर मुहर लगायी गयी। वहीं पंचायत सुदृढ़ीकरण योजना के तहत संवेदक को कार्य आदेश निर्गत किया जा चुका है, जिसकी सूची उपलब्ध करा दी गयी। झुमरीतिलैया थाना के सामने जिला परिषद की खाली जमीन पर मार्केट काम्प्लेक्स एवं बगड़ो स्थित मार्केट काम्प्लेक्स के लिए डीपीआर तैयार कर तकनीकी अनुमोदन हेतू मुख्य अभियंता को भेज दिया गया है। तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत प्रशासनिक स्वीकृति की कार्रवाई की जाएगी। वहीं सीएसआर मद के तहत 10 अदद सोलर हाई मास्ट लाइट लगाने के लिए निविदा निकालने के बाद वर्कआर्डर देने पर बोर्ड ने मुहर लगाई। चंदवारा प्रखंड अंतर्गत पीएचईडी विभाग के बगल में खाली जमीन पर मार्केट काम्प्लेक्स बनाने, डोमचांच प्रखंड के नवलशाही स्थित सरकारी भूमि को जिला परिषद को हस्तांतरित करने का निर्देश अंचल कार्यालय को दिया गया। जबकि सभी बीडीओ से प्रखंड में विवाह भवन की सूची और मरम्मती को लेकर सूची मांगी गई। बैठक में जिला परिषद की आय बढ़ाने से संबंधित कार्यवाही पर जोर दिया गया। बैठक में जनकल्याण योजनाओं को धरातल पर उतारने और पूर्व की योजनाओं को समय पर पूरा करने को लेकर सभी संबधित विभागों को सख्त निर्देश दिया गया। जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में विकास योजनाओं को जमीन पर उतारा जा रहा है। जिप बोर्ड सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है, आनेवाले दिनों में परिणाम देखने को मिलेगा। वहीं उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास और पंचायती राज व्यवस्था के महत्वपूर्ण योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है। वहीं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह डीडीसी ऋतुराज ने कहा कि बोर्ड की बैठक में लिए जा रहे प्रस्ताव पर कार्यवाही तेजी गति से की जा रही है। आबद्ध और अनाबद्ध राशि के अलावे स्व अर्जित आय से योजनाओं को पूरा किया जाएगा। बैठक में जिप सदस्यों, प्रखंड प्रमुख और सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र से संबंधित योजनाओ, समस्याओं और प्रस्ताव पर अपनी बात रखी। बैठक में केदारनाथ यादव, महादेव राम, शांति प्रिया, नीतू यादव, नीतू कुमारी, गुड़िया कुमारी, लक्ष्मण यादव, कोडरमा विधायक प्रतिनिधि विजय सिंह समेत संबधित विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

## आवास के लिए मोहताज हैं आदिम जनजाति के लोग

**सिमरिया।** प्रखंड के पगार पंचायत स्थित सोहर कला में बसे आदिम जनजाति के लोग आवास के लिए मोहताज है। आदिम जनजाति के लोगों आज भी टूटे फूटे एक रूम में पूरा परिवार रहने के लिए मजबूर है। महावीर बिरहोर, मुनिया बिरहोर, पप्पू बिरहोर, गुड़िया बिरहोर, सुकनी बिरहोर ने कहा की पिछले कई साल से स्थानीय मुखिया और प्रखंड प्रशासन से आवास की मांग कर रहें है लेकिन आज तक आवास नसीब नही हुआ है। पिछले बार आवास प्लस योजना में हमलोग का नाम आया भी था लेकिन वो भी काट दिया गया है। निवास कर रहे आदिम जनजाति के लोगों ने कहा कि हमलोग सोए रहते है और घर का छत टूट टूट कर गिरते रहता है। जिससे पूरे परिवार के बीच डर बना रहता है कि न जाने कब छत हमलोगों के ऊपर गिर जाए। आगे उन्होंने यह भी कहा कि एक हीं टूटे हुए मकान में बकरी भी रखते है और पूरा परिवार भी रहता है। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कल्याण विभाग के द्वारा आवंटन दिया गया है।

# विवाहिता की संदेहास्पद मौत ससुराल वाले फरार, जमकर हंगामा

### प्रेम प्रसंग मामले में फिर गयी एक बेटी की जान

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** ससुराल की चौखट पर नहीं थम पा रही है बहूओं पर अत्याचार का सिलसिला। ऐसा ही एक मामला तिलैया थाना क्षेत्र के झुमरी में देखने को मिला, जहां लड़की पक्ष के द्वारा ससुराल वालों पर हत्या कर शव को आत्महत्या का शक्ल देने के लिए फंदे से लटका कर मारे जाने का आरोप लगाया गया है। घटना गुरुवार सुबह 8:30 बजे की बताई गई है। सूचना के बाद आक्रोशित मायके वालों ने ससुराल के घर तोड़फोड़ शुरू कर दी। वहीं ससुराल पक्ष के लोग फरार हो गए। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस के समक्ष आक्रोशित परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। बाद में पुलिस को अतिरिक्त पुलिस बल मंगाना पड़ा। घटना के संबंध में मायके वालों से मिली जानकारी के मुताबिक मसौंदा चाराडीह निवासी बिनोद यादव अपनी 19 वर्षीय बेटी अंजली कुमारी का शादी झुमरी निवासी सुमन कुमार उर्फ अन्नू कुमार पिता सुरेश यादव के साथ 4 माह पूर्व कराई थी। शादी के पुर्व से ही लड़का मुंबई एक बीयरबार में कार्यरत था। शादी के एक माह बाद लड़की को अपने पति का मुंबई में एक अन्य लड़की से प्रेम प्रसंग का पता चला, जिसका विरोध किया करती थी और दोनों में बराबर विवाद होते रहता था। गत 17 जुलाई को दोनों पक्षों के बीच आपसी सुलह के बाद लड़के से स्टांप पेपर पर एक बांड भराया गया, आगे से अब ऐसा नहीं होगा। लेकिन दोनों में आपसी विवाद जारी रहा और गुरुवार की सुबह नवविवाहिता का शव ससुराल में फंदे से झुलता पाया गया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है कि हत्या या आत्महत्या। वहीं मृतका के ससुराल वालों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## छात्रों को योग्य बनाना प्राथमिकता : रामबली

**चतरा।** जिले के हंटरगंज के डुमरी स्थित रामनारायण स्मारक इंटर कॉलेज विधिवत रूप से स्मार्ट क्लासेस शुरू हो गई है। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व ही राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता एवं एसडीएम चतरा सह उक्त महाविद्यालय के पूर्व सचिव मोहम्मद मुमताज अंसारी ने संयुक्त रूप से स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया था। इस बाबत प्राचार्य रामबली सिंह में बताया की स्मार्ट क्लासेस अभी साइंस फैकल्टी में प्रारंभ की गई है। धीरे-धीरे आट्र्स और कॉमर्स में भी स्मार्ट क्लासेस से शिक्षा प्रारंभ कर दी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक और वैज्ञानिक युग में प्रतिस्पर्धा के दौड़ में दौड़ना होगा तभी विद्यार्थी प्रतियोगिता के काबिल हो सकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि कॉलेज में पेयजल, शौचालय, बेंच डेस्क,क्लासेज रूम सफिशिएंट है। पूरा महाविद्यालय वाईफाई और सीसीटीवी कैमरा से लैस है। कॉलेज कैंपस में किसी भी विद्यार्थी बेझिझक क्लास कर सकते हैं किसी भी तरह की परेशानियों के लिए कॉलेज प्रबंधन और कर्मी विद्यार्थियों के लिए तत्पर रहेंगे।

एक नजर में

## अंतर क्षेत्रीय सुरक्षा लेखा परीक्षा दल का एकदिवसीय दौरा, लिया जायजा




खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा में संचालित सीसीएल के मगध परियोजना में उत्तरी कर्णपुरा क्षेत्र के सुरक्षा लेखापरीक्षा दल ने एकदिवसीय दौरा पर पहुंचे। जहां कोयलांचल क्षेत्र की जायजा लिया। इस दौरान टीम द्वारा परियोजना में सेफ्टी से सम्बंधित ऑडिट किया गया। जहां परीक्षक दल में आए क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी, राजेंद्र प्रसाद, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग से राहुल कुमार, उत्खनन विभाग से शमशुल अहमद, कार्मिक विभाग से दिबाहार साहू, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सत्यदीप तथा सर्वेक्षण विभाग से सत्येन्द्र सिंह को परियोजना पदाधिकारी सदाला सत्यनारायण ने सभी को गुलदस्ता व श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। पश्चात परियोजना क्षेत्र में सुरक्षा मानकों के अनुपालन को लेकर सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण ने विस्तार से बताया। पश्चात टीम द्वारा सुरक्षा संबंधित विभिन्न मानकों की गहन समीक्षा की गई। जैसे खनन परियोजना का निरीक्षण, सहायक उपकरण का उपयोग, चिकित्सा, कल्याण, ब्लास्टिंग, एचईएमएम में सामान्य सुरक्षा, ग्राउंड कंट्रोल, हॉल रोड, गोदाम प्रबंधन सुरक्षा योजना, खुदाई में मशीनरी उपकरण, किराए पर लिए गए उपकरणों आदि की जांच के दौरान टीम ने मगध परियोजना को बेहतरीन पाया। इस अवसर पर पीओ पदाधिकारी सदाला सत्यनारायण, खान प्रबंधक मोहम्मद अकरम, सुरक्षा पदाधिकारी सत्यनाराण प्रसाद, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग से अजय कुमार सिन्हा, राजेश कुमार, मोहम्मद शकिल, अनिल कुमार हेम्ब्रम, प्रबंधक (उत्खनन) सतीश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीरज कुमार, परियोजना के कार्मिक विभाग से अभिषेक आनंद, आकाश वरुण कुल्लू, सर्वेक्षण अधिकारी उज्जवल कुमार सिन्हा समेत अन्य मौजूद थे।

## साक्षी वेलनेस हेल्थ केयर सेंटर का उद्घाटन

**मझिआंव।** मझिआंव-सुंडीपुर मुख्य सड़क स्थित राधाकृष्ण मंदिर के समीप साक्षी वैलनेस हेल्थ केयर सेंटर का उद्घाटन कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सह युवा समाजसेवी मारुत नंदन सोनी ने फीता काटकर किया। मौके पर चिकित्सक तेंदुलकर रजक ने कहा कि साक्षी वैलनेस हेल्थ केयर सेंटर में एक्यूपंचर एवं एक्यूप्रेशर विधि से इलाज किया जाता है। इस हेल्थ केयर सेंटर में अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा असहाय रोगों में शुगर, ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, लकवा, नसों की कमजोरी, घुटना, कमर व कंधा दर्द, बाबासीर, थायराइड जैसी असहाय बीमारियों का इलाज ब्लड सरकुलेशन टेक्नोलॉजी के द्वारा किया जाएगा। श्री सोनी ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में एक्युपंचर एवं एक्यूप्रेशर के द्वारा इलाज का इकलौता सेंटर होना यहां के लोगों के लिए गर्व की बात है।

## एक शिक्षा प्रणाली का निर्माण करना नयी शिक्षा नीति का उद्देश्य : प्राचार्य



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** खेल खेल में बच्चों को पढ़ाने का माध्यम बन रहा नई शिक्षा नीति। जो बच्चों को नामांकन के पूर्व न सिर्फ अक्षर ज्ञान देगा बल्कि विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति भी सुनिश्चित करेगा। यह जानकारी नई शिक्षा नीति लागू होने के 3 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में केंद्रीय विद्यालय सिमरिया में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित बरकाकाना केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य उमेश कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का दृष्टिकोण भारतीय लोकाचार में निहित एक शिक्षा प्रणाली का निर्माण करना है, जो सभी को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करके भारत को बदलने में सीधे योगदान देता है। जिससे भारत एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि इस शिक्षा नीति के तहत बच्चों को मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान का महत्व बताया जाएगा।

जबकि 10+2 के मॉडल को 5+3+3+4 मॉडल में बदला जा रहा है। छात्रों को राज्य की आधिकारिक भाषा में अध्ययन करने की बाध्यता को समाप्त किया जायेगा। इतना ही नहीं छात्रों को दो बार बोर्ड परीक्षा देने की अनुमति प्रदान की जाएगी। मौके पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय सिमरिया के प्राचार्य डी खलको, इंटर कॉलेज सिमरिया और शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज सिमरिया के प्राचार्य के साथ साथ बीएमसी मेंबर धर्मेंद्र पाठक, विद्यालय के म्यूजिक शिक्षक भरत टांगरी सहित अन्य उपस्थित थे।

# नोडल स्कूल के रूप में विकसित हो रहा है केंद्रीय विद्यालय गढ़वा : प्राचार्य

### मनायी जा रही है नयी शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ, रोजगार परक शिक्षा पर विशेष जोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा केंद्रीय विद्यालय गढ़वा को नोडल विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। विद्यालय में नई शिक्षा नीति 2020 का तीसरी वर्षगांठ मना रहा है। विद्यालय में नई शिक्षा नीति के नियमों का अनुपलन के लिए विद्यालय प्रबंधन पूरी तरह से तत्पर है। सीमित संसाधन में भी विद्यालय प्रबांन बेहतर कार्य कर रहा है। गुरूवार को विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य उत्तम कुमार पांडेय ने प्रेस कन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी।

विद्यालय में नई शिक्षा नीति से संबंधित चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए प्राचार्य श्री पांडेय ने बताया कि नई शिक्षा नीति में रोजगार परक शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। जिन बच्चों की रुचि जिस क्षेत्र में हो उन्हें उसी क्षेत्र में बेहतर तरीके से प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत भारत को एक जीवंत ज्ञानी समाज तथा वैश्विक ज्ञान के सुपरपावर के रूप में विभिन्न गतिविधियों जैसे बहुआयामी शिक्षा, 21 वीं सदी की दक्षता आदि के माध्यम से परिवर्तित करना है। इसमें केवि निरंतर अग्रसर है। एनईपी 2020 के अनुसार केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश के आयु सीमा में परिवर्तन करते हुए कक्षा एक में प्रवेश 2022-23 से 6 से 8 वर्ष में किया गया है।

जबकि पाठ्यक्रम का परिवर्तन 5+3+3+4 के रूप में किया गया है। इसके तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) को लागू करने के लिए निपुन भारत मिशन लाया गया है। जिसके तहत केवि में शिक्षकों को विभिन्न माध्यमों से प्रशिक्षित किया गया है।



प्रेस कांफ्रेंस करते प्राचार्य।

केवि को नोडल विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिससे सभी तरह के विद्यालय सरकारी, निजी आदि लाभान्वित हो सकें।

इसके तहत बच्चों का लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुरूप शिक्षण कार्य किया जा रहा है। बालवाटिका कक्षाओं का संचालन स्थाई भवन वाले केवि में पायलट आधार पर 2022-23 से खोले गए हैं। विद्या प्रवेश के तहत कक्षा एक में 3 माह का खेल आधारित शिक्षण मोडूल विकसित किया गया है। जिसे 2021-22 से सभी केवि में संचालित किया जा रहा है। विद्यालयों को शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए स्मार्ट क्लासेस में जादुई पिटारा के नाम से डिजिटल जादुई पिटारा दीक्षा पोर्टल पर उपलब्ध कराया गया है। जिससे बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। वर्तमान में 8 क्लास रूम (कम्प्युटर लैब सहित) केवि गढ़वा में स्मार्ट क्लास रूम है।

व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में मुख्य स्टेक होल्डर के रूप में अभिभावकों को रखा गया है। जिसके तहत केवि में पीटीएम आयोजित किए जाते हैं। विद्यांजलि प्रोग्राम के तहत सभी केवि पोर्टल पर निबंधित हैं। जिसके तहत स्वैच्छिक रूप से समुदाय का सहयोग लिया जाता है। मौके पर मुख्य रूप से जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य रामानंद प्रसाद, केवि के दीपक पाण्डेय, आमोद रंजन आदि लोग उपस्थित थे।

## पत्रकारों ने आइपीएस शंभू सिंह को सम्मानित किया, दी बधाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा डीएसपी शंभू कुमार सिंह का आईपीएस में पदोन्नति होने पर जेजेए के पत्रकारों ने संयुक्त रूप से श्री सिंह को पुष्प गुच्छ व शॉल देकर सम्मानित के साथ बधाई व ढेरों शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि झारखंड के 24 डीएसपी को आईपीएस में पदोन्नति मिली है, इसी मे टंडवा के सीनियर डीएसपी शम्भू कुमार सिंह भी शामिल हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा आईपीएस का बैच लगाकर पदोन्नति दी।

जिससे पूरे चतरा जिला गौरवान्वित है। इस मौके पर हिदुस्तान पत्रकार विनय सिन्हा ने कहा कि टंडवा में इनका सेवाकाल के दौरान क्षेत्र में शांति का माहौल कायम रहा, इनका सकुशल कार्य के दौरान टंडवा में पदस्थापित रहते हुए यह प्रमोशन टंडवा समेत जिला वासियों के लिए गौरवान्वित का पल है, जो यह पल हमेशा यादगार रहेगा।

## आदिवासी दिवस के मौके पर जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम गिद्धौर में खेलों का होगा आयोजन : तुषार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस है। इस अवसर पर जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम गिद्धौर में खेलों का आयोजन किया गया है। पुरूष एवं महिला वर्ग के लिए फुटबॉल, तीरंदाजी, हॉकी तथा एथलेटिक्स का होगा प्रतियोगिता।

विजेता उप विजेता खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार राशि उपलब्ध कराने की है योजना। पर्यटन कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के अधिनस्थ खेल कूद एवं युवा कार्य निदेशालय के निदेश के आलोक में खेल निदेशालय एवं जिला खेल कार्यालय, चतरा के तत्वावधान 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 'झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023' का आयोजन



किया गया है। यह आयोजन 09 एवं 10 अगस्त को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन जवारहर लाल नेहरू स्टेडियम गिद्धौर में प्रातः 10:00 बजे से होगी।

पुरूष एवं महिला वर्ग के लिए एथलेटिक्स अंतर्गत 100, 200, 400 मीटर की दौड़ होगी। 4 गुणा 400, 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ होगी। तीरंदाजी अन्तर्गत इंडियन राउंड 30 मीटर, 50 मीटर स्पर्धा हॉकी एवं फुटबॉल का आयोजन किया जा रहा है। पुरूष एवं महिला के लिए अलग अलग पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। फुटबॉल विजेता को 21000, उपविजेता को 15000, तृतीय स्थान प्राप्त करने में को -11000 रुपया दी जाएगी। एथलेटिक्स पुरूष एवं महिला के लिए प्रति स्पर्धा पुरस्कार राशि। प्रथम स्थान को 5000, द्वितीय स्थान -3000 और तृतीय स्थान को 2000 रुपया दी जाएगी। हॉकी पुरूष एवं महिला के लिए पुरस्कार राशि विजेता - 21000, उपविजेता - 15000 और तृतीय स्थान - 11000 है। तीरंदाजी पुरूष एवं महिला के लिए प्रति स्पर्धा पुरस्कार राशि प्रथम स्थान-5000 द्वितीय स्थान 3000 और तृतीय स्थान - 2000 है।

## जिप अध्यक्ष ने किया उत्क्रमित उच्च विद्यालय का निरीक्षण



निरीक्षण करतीं जिप अध्यक्ष।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने गुरुवार को कांडी प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोहगाड़ा का निरीक्षण किया। जिला परिषद क्षेत्र कांडी दक्षिणी के जिप सदस्य नेहा कुमारी की शिकायत पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोहगाड़ा पहुंची जिप अध्यक्ष को विद्यालय में मध्याह्न भोजन के मेन्यू में गड़बड़ी नजर आया। विद्यालय में एक शिक्षक सोते हुए नजर आये। बच्चों ने बताया कि विद्यालय में हर रोज चावल-दाल व आलू की सब्जी दी जाती है। अंडा व फल नहीं मिलता है। जिप अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में 9वीं व 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों से 350 रुपए लिए गए जो सरासर गलत है। कहा कि विद्यालय के शिक्षकों का व्यवहार ठीक नहीं रहा। जब शिक्षकों को ही किसी का सम्मान करने नहीं आता है तो वे बच्चों को क्या शिक्षा देंगे। जिप अध्यक्ष ने कहा कि वे इसकी शिकायत शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से करेंगी।

